RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : बुधवार, 19 अप्रैल 2023 वर्ष 05 अंक 05 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 8 कीमत : 03 रुपये

दैनिक
रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

अजित पवार बोले, राकांपा में ही रहूंगा... !

जानबूझकर फैलाई गई गलतफहमी

बीजेपी में जाने की खबरों पर पूर्ण विराम

मुंबई। पिछले कुछ दिनों से वरिष्ठ राकांपा नेता और विधानसभा में विपक्ष के नेता अजित पवार ने भाजपा में जाने की खबरों को पूरी तरह निराधार बताते हुए इन अफवाहों पर पूर्ण विराम लगाने की कोशिश की। यहां विधान भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अजित पवार ने कहा कि मेरे बारे में जो खबरें चल रही हैं, वे पूरी तरह तथ्यहीन है और बेवजह मेरे बारे में गलतफहमी पैदा करने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से मीडिया में उल्टी-सीधी खबरें आ रही हैं। आप मेरे बारे में जो खबरें चला रहे हैं, उनमें कोई सच्चाई नहीं है। खबरों में दिखाया गया कि मेरे पास 40 विधायकों के हस्ताक्षर वाला पत्र है, लेकिन हस्ताक्षर लेने की कोई वजह नहीं है। अजित पवार ने कहा कि मैं राष्ट्रवादी कांग्रेस में हूं और राष्ट्रवादी कांग्रेस में ही रहूंगा, इसलिए इन खबरों का कोई आधार नहीं है।

उन्होंने कहा कि अलग-अलग न्यूज चैनलों पर अन्य दलों के नेता अपनी राय रख रहे हैं, उन्हें अपना मत रखने का अधिकार है। मंगलवार-बुधवार को विधायकों की बैठक होती है, हमारे कई विधायक मंत्रियों या मंत्रालय में काम के सिलसिले में आते हैं। आज जो विधायक मेरे पास आए थे, वे मुझसे मुलाकात करने आए थे, क्योंकि मैं यहा हूं। यह सिलसिला पहले से जारी है, इसलिए अलग मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए। ऐसे में आप दिखा रहे हैं कि विधायक मिलने पहुंचे, उससे राकांपा के आम कार्यकताओं में भ्रम पैदा होता है। उन सभी से कहना है कि चिंता मत कीजिए, शरद पवार के मार्गदर्शन में पार्टी की स्थापना हुई है। पार्टी ने कई उतार-चढ़ाव देखे। राजनीति में कभी सत्ता होती है, कभी नहीं होती है, लेकिन जो कुछ खबरें फैलाई जा रही है, वह जानबूझकर फैलाई जा रही है।

न्यूज चैनलों पर बरसते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार बंगला मिला है और उसके बाहर कैमरे

दो शातिर चोर गिरफ्तार, रिक्शा व मोटरसाइकिल जप्त

मुंबई : रिक्शा व मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में तुलिंज थाने की क्राइम डिटेक्शन की टीम ने दो शातिर चोरों को पकड़ने में सफलता पाई है। चोर की गिरफ्तारी से पांच मामलों का खुलासा हुआ है तथा चोर के पास से टीम ने 5 लाख से अधिक का वाहन जप्त किया है। यह कार्रवाई डीसीपी (परिमंडल 2) की पोर्णिमा चौगुले श्रींगी व एसीपी चंद्रकांत जाधव के मार्गदर्शन में तुलिंज थाने के सीनियर पी.आई शैलेंद्र नगरकर, क्राइम डिटेक्शन के स.पो.नि.मिथुन म्हात्रे टीम ने की है।

पुलिस ने बताया कि विरार यातायात शाखा में पो.उप.नि.सूर्यवंशी द्वारा तुलिंज थाने में कार्यरत पो.हवा गोरे से संपर्क किया और सूचित किया कि फर्जी नंबर प्लेट लगाकर रिक्शा चलाते हुए शख्स मिला है। इसके बाद रिक्शा की चोरी को लेकर तुलिंज थाने में मामला दर्ज किया गया है। इसके बाद पुलिस ने शिव कुमार हरिहर गुप्ता व प्रकाश पोतराज त्रिवेदी को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों विरार के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक,पूछताछ में कुल 05 अपराधों का खुलासा हुआ, जिनमें 02 तुलिंज थाना के अभिलेख पर तथा 03 विरार थाना के अभिलेख पर थे। इनके पास से 4 रिक्शा व 1 मोटरसाइकिल कुलमिलाकर 05,50,000 रुपये का माल जप्त किया गया है।

ठाणे में कानून की उड़ी धज्जियां

बलात्कार का मामला दर्ज होने के बाद किडनैप कर फिर किया रेप

महाराष्ट्र : बीते कई दिनों से महाराष्ट्र में अपराध की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है।ऐसे में ठाणे के भायंदर पूर्व से एक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बता दें कि यहां 28 वर्षीय युवती को अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में नवघर पुलिस ने एक मां-बेटे व उसके साथी को गिरफ्तार किया है। ऐसे में अब इस मामले में आरोपियों की पहचान दानिश शेख, अफसाना शेख और चिराग शेख के रूप में हुई है।

युवती को किया अगवा

इस मामले में मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने पीड़िता को

बांद्रा से सकुशल रेस्क्यू कर लिया है। पुलिस ने रविवार शाम छह बजे के करीब नवघर थाने में पीड़ित युवती को दो अज्ञात लोगों द्वारा दुपहिया वाहन से अगवा करने का मामला दर्ज किया था। घटना उस समय हुई जब वह अपने पिता के साथ घर जा रही थी।

पुलिस ने युवती को किया रेस्क्यू

रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना की गंभीरता को समझते हुए, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय पवार ने लड़की की तलाश के लिए विभिन्न टीमें भेजीं। टेक्निकल एनालिसिस के जरिए जांच के बाद बच्ची को बांद्रा से रेस्क्यू किया गया। उसका अपहरण करने वाले दानिश और उसके साथी चिराग को गिरफ्तार कर लिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, दानिश ने उसे नशीला पदार्थ पिलाया और उसके साथ अश्लील तस्वीरें खींच लीं। फिर उसने उसे धमकी दी और नवी मुंबई में उसके साथ बलात्कार किया।

ठाणे जिले में रिश्वत लेना पड़ा भारी

दो निकाय कर्मचारी गिरफ्तार...

ठाणे : भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले में अंबरनाथ नगर परिषद के दो कर्मचारियों को संपत्ति से जुड़े एक मामले में एक व्यक्ति से कथित तौर पर 15,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एसीबी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ठाणे एसीबी निरीक्षक सुषमा अंडाले ने एक विज्ञप्ति में बताया कि नगर निकाय के 46 वर्षीय लिपिक और उसके लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के 32 वर्षीय कर्मचारी ने एक व्यक्ति से उसके चार मकानों के मूल्यांकन और उन पर संपत्ति कर लगाने के एवज में 15,000 रुपये की मांग की थी। अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर एसीबी ने जाल बिछाया और सोमवार को अंबरनाथ कस्बे में एक मेडिकल दुकान के पास शिकायतकर्ता से 13,000 रुपये लेते हुए पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी को पकड़ लिया। विज्ञप्ति के मुताबिक, एसीबी ने लिपिक को नगर निकाय के कार्यालय के पास से पकड़ा और गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने 13 अप्रैल को शिकायतकर्ता से 2,000 रुपये लिए थे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

BOLLYWOOD DINBHAR

संपादकीय / लेख

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

कठघरे में नेतृत्व

उत्तर प्रदेश और कई राज्यों में अपराध की दुनिया से राजनीति में आकर चार दशक तक स्वछंद राज करने वाले माफिया डॉन अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ का जिस तरह से अंत हुआ, उसने कोई अच्छा संदेश नहीं दिया। निस्संदेह, एक माफिया डॉन के साथ सहानुभूति नहीं होनी चाहिए, लेकिन जिस तरह पुलिस सुरक्षा के घेरे में उनकी हत्या हुई और पुलिस मूकदर्शक बनी रही, उससे उ.प्र. की पुलिस की साख पर आंच आई। कठघरे में तो राज्य का राजनीतिक नेतृत्व भी आया है। पुलिस कर्मियों के निलंबन और जांच आयोग के गठन को राज्य सरकार की छवि सुधारने की कवायद के रूप में देखा गया। बहरहाल माफिया अतीक अहमद व अशरफ की हत्या को उस कड़ी का हिस्सा माना जा रहा है, जिसकी शुरूआत प्रयागराज में राजू पाल हत्याकांड के सरकारी गवाह उमेश पाल की सरेआम हत्या से हुई। जिसे प्रदेश सरकार व पुलिस ने अपने लिये चैलेंज माना। जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपराधियों को मिट्टी में मिलाने की टिप्पणी भी सामने आई थी। जिससे साफ हो गया था कि राज्य की सरकार व पुलिस बड़ी कार्रवाई करेगी। पहली प्रतिक्रिया, उमेश पाल हत्याकांड में शामिल बताये जा रहे अतीक के बेटे असद व उसके साथी की मुठभेड़ में मौत के रूप में सामने आई। जिसके जरिये सरकार व पुलिस ने संदेश देने का प्रयास किया कि अपराधी कितना भी बड़ा क्यों न हो, बख्शा नहीं जायेगा। यूं भी योगी सरकार के दौरान कई हजार मुठभेड़ों व डेढ़ सौ से अधिक अपराधियों के एनकाउंटर में मारे जाने पर भी विपक्षी नेता सवाल उठाते रहे हैं। लेकिन सवाल यही है कि क्या पुलिस इन अपराधियों को गिरफ्तार करके न्यायिक प्रक्रिया के जरिये दंड नहीं दिलवा सकती थी? वैसे कहा जाता रहा है कि न्याय की प्रक्रिया इतनी लंबी चलती है कि अपराधी धनबल, बाहुबल और सत्ता परिवर्तन के बाद राजनीतिक संरक्षण पाकर बरी होने की कवायद में लगातार लगे रहते हैं।

वैसे राजनीतिक नेतृत्व परिवर्तन के बाद इस तरह के बड़े माफियाओं के फिर ताकतवर होने के बाद पुलिस के लिये भी निष्पक्ष रूप से जांच करना मुश्किल हो जाता है। वैसे प्रदेश में कई राजनीतिक दलों की सरकारों में ऐसे दागी टिकट पाकर जनप्रतिनिधि बनते रहे हैं और अपने विरोधियों को ठिकाने लगाना शुरू कर देते हैं। लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में अतीक व अशरफ की हत्या पुलिस की कार्यशैली पर सवाल ही खड़े करती है। आखिर ऐसे कुख्यात डॉन के आसपास मीडिया की भीड़ को क्यों जाने दिया गया, जिसको दूसरे गैंगों के अपराधियों से हमले का खतरा बराबर बना हुआ था। इसी कमजोर कड़ी को भांपकर ही अपराधियों ने फर्जी मीडियाकर्मी बनकर हत्याकांड को अंजाम दिया। बहुत संभव है आने वाले दिनों में सत्ताधीश इस घटना के बहाने माडिया की आजादी को कुतरने का प्रयास करें। वहीं दूसरी ओर इस हत्याकांड के बाद राजनीतिक रोटियां सेंकने का उपक्रम भी तेज हो गया है। कुछ राजनीतिक दल संप्रदाय विशेष के अपराधियों को ही निशाने पर लेने की बात कर रहे हैं। वहीं सत्तापक्ष के भी कुछ नेताओं के अमर्यादित बयान सामने आये हैं। वैसे इन हत्याओं के बाद समाज का खेमों बंटा नजर आना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ लोग अपराधियों की हत्या को न्याय हुआ मान रहे हैं। तो अपने समाज के लोगों के लिये रोबिन हुड जैसी भूमिका निभाने वाले डॉन के समर्थकों में इस घटना को लेकर दुख है। बहरहाल, यदि इस तरह अपराधियों की हत्या को न्यायसंगत बताया जाने लगेगा तो कोर्ट व कानून की क्या सार्थकता रह जाएगी? इस तरह के मामले कालांतर समाज में अराजकता को ही जन्म देंगे। दुर्भाग्यपूर्ण यह भी कि अभियुक्तों की हत्या सरेआम टीवी कैमरों के सामने हुई,जिसके वीडियो वायरल होने के बाद पूरी दुनिया में तल्ख प्रतिक्रियाएं हुईं।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

स्वास्थ्य व्यवस्था भी चरमरा गई

2 लाख लोगों के पीछे एक अस्पताल

मुंबई, महाराष्ट्र राज्य की अनुमानित जनसंख्या १२.४९ करोड़ है। राज्य में ५१२ सरकारी अस्पताल हैं। इन अस्पतालों में बेडों की संख्या २७,३३७ है। हालांकि, महाराष्ट्र में औसतन प्रति २,३४,६०१ की जनसंख्या पर एक अस्पताल और ४,२६४ व्यक्ति पर एक रोगी बेड उपलब्ध है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानदंड के अनुसार, प्रति ४० जनसंख्या पर एक मरीज बेड होना चाहिए। इसके बावजूद प्रदेश में प्रति ४,२६४ लोगों पर एक मरीज बेड उपलब्ध है। यह जानकारी एक संस्था द्वारा दी गई रिपोर्ट में बताई गई है। यदि राज्य में जिला स्तर पर मरीज के बेड़ों की स्थिति पर नजर डालें, तो यहां की स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता देखी जा सकती है। ऐसे में आपातकालीन स्थिति पैदा हुई तो क्या व्यवस्था होगी? आलम यह है कि अब महाराष्ट्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की तुलना अप्रष्ठीकी देशों से होने लगी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार को इस पर विचार करना जरूरी है।

वर्ष २०२१-२२ में अस्पतालों की कुल संख्या ५०३ थी, जबकि बेडों की संख्या २६,८२३ थी। वर्ष २०२२-२३ में अस्पतालों की संख्या बढ़कर ५१२ हो गई। इसके साथ ही ५१४ नए बेडों के जुड़ने से राज्य में इसकी संख्या बढ़कर २७,३३७ हो गई। वर्ष २०११-१२ में जिला चिकित्सालयों की संख्या २३ थी, जो वर्ष २०२२-२३ में से घटकर २२ रह गई है। वर्ष २०२१-२२ में १३ अस्पतालों में खाटों की संख्या ६,१६९ थी। वर्ष २०२२-२३ में इन अस्पतालों में १,०३६ बेड कम हो गए और यह घटकर ५,१३३ रह गई है।

टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज द्वारा किए गए अध्ययन में डिजिटल है नायर अस्पताल

मुंबई, सायन और केईएम की तुलना में नायर अस्पताल का प्रभावी तरीके से डिजिटलीकरण किया गया है। इसके चलते यहां मरीजों की देखभाल और बढ़ गई है। साथ ही रोगों का सटीकता से पता लगाए जाने के साथ ही इलाज में तेजी और खामियां कम हो रही हैं। जो पूरी तरह से मैनुअल सिस्टम पर काम कर रहे हैं। यह जानकारी टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज द्वारा किए गए अध्ययन में पाई गई है।

बता दें कि मरीजों की परेशानियों को कम करने और कामकाज के साथ ही जांच में सटीकता लाने के उद्देश्य से साल २०१८ में मनपा के नायर में अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली को लागू किया गया था। इसी बीच टीआईएसएस परियोजना ने नायर अस्पताल के कामकाज और मरीजों की देखभाल को समझने के लिए एक अध्ययन किया।

लोकल ट्रेन से लोगों का लगाव कम, २० प्रतिशत की गिरावट

मुंबई, मुंबई की लाइफलाइन कही जानेवाली इसी ह्यलोकलह्ल ट्रेन से लोगों का लगाव अब कम हो गया है। कोविड महामारी के बाद लोकल ट्रेनों की सेवाओं का लाभ उठानेवाले यात्रियों की संख्या में प्रतिदिन लगभग २० प्रतिशत की भारी गिरावट देखी जा रही है। १४.३९ लाख यात्री वेस्टर्न और सेंट्रल लाइन पर कम हुए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, महामारी-प्रेरित दूरस्थ कार्य और ट्रांसपोर्ट के नए तरीके तथा निजी वाहनों ने लोकल ट्रेनों का भार कम कर दिया है।

मध्य रेलवे के आंकड़ों के अनुसार, २०२० में औसतन ४१.४७ लाख लोगों ने रोजाना लोकल ट्रेनों से यात्रा की और वित्त वर्ष २०२३ में यह आंकड़ा ६.०९ लाख घटकर ३५.३८ लाख रह गया।

इसी तरह पश्चिम रेलवे ने वित्त वर्ष २०२० में प्रतिदिन ३४.८७ लाख यात्रियों को यात्रा कराई थी लेकिन वित्त वर्ष २०२३ में यात्रियों की संख्या ८.३० लाख घटकर २६.५७ लाख रह गई। कुल मिलाकर सेंट्रल और वेस्टर्न में संयुक्त रूप से १४.३९ लाख यात्रियों की दैनिक गिरावट देखी गई है। यात्रियों की यह गणना टिकटों की बिक्री और स्टेशनों पर यात्रियों की औसत संख्या पर आधारित है।

मुंबई मनपा चुनाव : २३६ प्रभागों की याचिका खारिज

मुंबई, मुंबई मनपा का चुनाव २३६ वार्ड संरचना के अनुसार नहीं, बल्कि २२७ वार्ड संरचना के अनुसार कराया जाए।

इस तरह का आदेश कल मुंबई हाई कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने २३६ प्रभागों की याचिका खारिज कर दी। इसलिए पिछले डेढ़ साल से रुके मुंबई मनपा चुनाव में और भी विलंब होगा। बता दें कि मुंबई की बढ़ी हुई आबादी के कारण तत्कालीन महाविकास आघाड़ी सरकार ने प्रशासनिक सेवाओं के लिए प्रभागों की संख्या बढ़ाकर २३६ करने का निर्णय लिया था।

सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार चुनाव आयोग द्वारा मनपाओं की लंबित चुनाव प्रक्रिया को शुरू करने का निर्देश दिए जाने के बाद मुंबई मनपा ने पिछले साल ३१ मई २०२२ को ह्यओबीसीह्ल आरक्षण के बिना लॉटरी का आयोजन किया था।

BOLLYWOOD DINBHAR

एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की बड़ी कार्रवाई...

2.5 किलो हेरोइन के साथ विदेशी तस्कर गिरफ्तार

मुंबई : नशा तस्करी के खिलाफ कस्टम टीम ने एक बार फिर सफलता हासिल की है। दरअसल, टीम ने एयरपोर्ट पर एक तस्कर समेत 2.5 किलोग्राम हेरोइन जब्त किया है। बताया जा रहा है कि जब्त किए गए हेरोइन की कीमत लगभग 16.80 करोड़ रुपये है। मुंबई एयरपोर्ट कस्टम्स ने 16 अप्रैल को युगांडा के एंतेबे से आए एक विदेशी नागरिक से 2.4 किलोग्राम हेरोइन जब्त की, जिसकी कीमत 16.80 करोड़ रुपये है। ड्रग्स को एक कार्टन के झूठे कैविटी में छुपाया गया था। फिलहाल, टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ कर रही है।

9.97 किलोग्राम ड्रग्स जब्त...

दरअसल, एक विशिष्ट खुफिया जानकारी मिली थी कि अदीस अबाबा से मुंबई की यात्रा कर रहे एक यात्री भारत में नारकोटिक दवाओं की तस्करी करने पहुंचा है। इसके बाद उरटकहवाई अड्डे पर अधिकारियों की एक टीम द्वारा निगरानी की गई। इसके बाद संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी जांच की गई तो, उसके सामान में 9.97 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। मादक पदार्थ का अवैध अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य लगभग 70 करोड़ रुपये है।

70 करोड़ रुपये का ड्रग्स जब्त

इसक पहले भी राजस्व खुफिया निदेशालय ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर करोड़ों की हेरोइन जब्त की है। डीआरआई ने बताया कि मुंबई एयरपोर्ट पर अदीस अबाबा से यात्रा कर रहे एक यात्री के पास से 70 करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद की गई थी। जब उस यात्री के बैग की तलाशी ली गई तो उसमें 9.97 किलो ड्रग्स मिला था।

देह व्यापार में रंगे हाथ पकड़ी गई ये डायरेक्टर...

मुंबई पुलिस ने कब्जे से छुड़वाई 2 मॉडल्स, एफआईआर दर्ज

मुंबई : मुंबई की डिंडोशी पुलिस ने कास्टिंग डायरेक्टर आरती मित्तल को गिरफ्तार किया है. आरती पर देह व्यापार यानी सेक्स रैकेट चलाने का आरोप है. पुलिस ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ा और उनके कब्जे से दो मॉडल्स को भी छुड़वाया है. पुलिस ने इसके लिए एक प्लान भी तैयार किया. मुंबई पुलिस की समाज सेवा ब्रांच ने दो नकली ग्राहकों को भेजा और दो मॉडलों को बचाया. एक मॉडल को तो रिहेबिलेशन सेंटर में भेज दिया गया है. एक से पुलिस पूछताछ कर रही है. पुलिस ने इस पूरी घटना को स्पाई कैमरे की मदद से रिकॉर्ड भी किया और आरती के खिलाफ कई धाराओं में एफआईआर भी दर्ज की.

मुंबई पुलिस की सोशल सर्विस ब्रांच ने मामले की पूरी जांच की. सबूत के तौर पर घटना का एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया. आरोपी, आरती हरिश्चंद्र मित्तल फिल्मों के लिए कास्टिंग डायरेक्टर काम करती हैं. वह ओशिवारा स्थित आराधना अपार्टमेंट में रहती हैं.

पुलिस का कहना है कि आरती मित्तल उन मॉडल्स को अपना शिकार बनाती थीं, जो अलग-अलग प्रोजेक्ट्स के लिए उनसे मिलने आती थीं और उन्हें पैसों की जरूरत होती थीं. वह उन्हें देह व्यापार के लिए अच्छे पैसे का ऑफर भी देती थीं. पुलिस ने बताया कि पुलिस इंस्पेक्टर मनोज सुतार को सूचना मिली थी कि आरती देह व्यापार का रैकेट चला रही है.

पुलिस वाले बने नकली ग्राहक

इसके बाद पुलिस ने एक टीम बनाई और एक ग्राहक के रूप में आरती मित्तल से अपने दोस्तों के लिए 2 लड़कियों के लिए कहा. आरती ने इसके इंतजाम के लिए 60 हजार रुपये की मांग की और इंस्पेक्टर मनोज सुतार के फोन पर 2 मॉडल्स की तस्वीरें भेजी और उन्हें बताया कि ये मॉडल्स जुहू या गोरेगांव के होटलों में ही आएंगी.

500 करोड़ के भ्रष्टाचार में फंसे उद्धव गुट के विधायक?

EOW ने रवींद्र वायकर को भेजा नोटिस

मुंबई : 500 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार मामले में बड़ी खबर सामने आई है. मुंबई पुलिस की ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध शाखा) ने बीजेपी के किरीट सोमैया की शिकायत के बाद शिवसेना उद्धव ठाकरे के विधायक रवींद्र वायकर के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है. 500 करोड़ के भ्रष्टाचार मामले में शिवसेना के उद्धव ठाकरे विधायक रवींद्र वायकर को एडह ने नोटिस भेजा है.

मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बीजेपी के किरीट सोमैया की शिकायत के बाद शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के विधायक रवींद्र वायकर के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है. दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार वायकर 500 करोड़ रुपये के घोटाले में शामिल है. ईओडब्ल्यू ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के उद्यान और भवन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस भेजा है. बीजेपी के आरोप के अनुसार, वायकर ने अवैध रूप से एक बगीचे के लिए आरक्षित भूखंड पर 5 सितारा होटल के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त की.

मुंबई के स्क्रैप कंपाउंड में लगी भीषण आग

तेल के ड्रम और प्लास्टिक की वजह से उठ रहीं भीषण लपटें...

मुंबई : मुंबई के मंडला के एक कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग गई। ये आग मानखुर्द इलाके में लगी है। आग की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गईं। आग लपटें इतनी ऊंची उठ रही हैं कि इसे दूर से ही देखा जा सकता है। हालांकी कबाड़ गोदाम में लगी आग के कारणों का अबतक पता नहीं चल पाया है। लेकिन इस भीषण आग से लाखों का माल जलकर खाक हो गया है।

स्क्रैप कंपाउंड में तेल के ड्रम और प्लास्टिक से आग भीषण

मुंबई फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट ने बताया कि मानखरुद इलाके में स्क्रैप कंपाउंड में लगी आग लेवल 3 की है। हालांकि राहत की बात ये है कि इस आग में अभी तक कोई हताहत नहीं हुआ है। मुंबई के दमकल विभाग ने बताया कि मानखुर्द इलाके में आग की सूचना तड़के 3 बजकर 07 मिनट पर मिली थी। दमकल विभाग ने बताया कि मंडला में घाटकोपर मानखुर्द लिंक रोड के पास स्थित कुर्ला स्क्रैप कॉर्पोरेशन के नाम के स्क्रैप कंपाउंड में लगी है। दमकल विभाग के अनुसार, आग बिजली के तारों, बिजली के उपकरणों, स्क्रैप सामग्री के ढेर, लकड़ी के सामान, तेल के ड्रम, प्लास्टिक और खुले मैदान में पड़ा कचरा और 08 से 10 प्लोर वाले गोदामों में तक सीमित है।

ठाणे में दो कबाड़ गोदाम में लगी थी आग

इससे पहले कल भी ठाणे में भी दो कबाड़ के गोदाम में आग लगी थी। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार सुबह कबाड़ के दो गोदाम आग लगने से जलकर खाक हो गये। ठाणे नगर निगम के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ (आरडीएमसी) के प्रमुख अविनाश सावंत ने बताया कि मुंब्रा-पनवेल मार्ग पर स्थित शिलफाटा इलाके में आग सोमवार सुबह करीब 6 बजे लगी। उन्होंने बताया कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारी के मुताबिक, गोदामों में कार्डबोर्ड और सूती दरियां रखी हुई थीं।

विधवा बहु को अपने सास-ससुर को गुजारा भत्ता देने की जरूरत नहीं: बंबई उच्च न्यायालय

मुंबई : बंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ ने एक फैसले में कहा है कि एक महिला को अपने दिवंगत पति के माता-पिता को गुजारा भत्ता देने की जरूरत नहीं है। न्यायमूर्ति किशोर संत ने शोभा तिड़के नाम की 38 वर्षीय महिला की एक याचिका पर 12 अप्रैल को अपना आदेश जारी किया। याचिका में, महाराष्ट्र के लातूर शहर स्थित न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय (स्थानीय अदालत) द्वारा जारी आदेश को चुनौती दी गई थी। ग्राम न्यायालय ने महिला को अपने दिवंगत पति के माता-पिता को गुजारा भत्ता अदा करने का निर्देश दिया था। उच्च न्यायालय ने कहा, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 को पढ़ने से यह स्पष्ट होता है कि ससुर और सास का उल्लेख इस धारा में नहीं किया गया है। गौरतलब है कि शोभा के पति महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन महामंडल (एमएसआरटीसी) में कार्यरत थे और उनकी मौत हो जाने के बाद महिला मुंबई स्थित सरकारी अस्पताल जे जे हॉस्पिटल में काम करने लगी। शोभा के सास-ससुर ने दावा किया था कि बेटे की मौत के बाद उनके पास आय का कोई स्रोत नहीं रह गया है और इसलिए वे गुजारा भत्ता पाने के हकदार हैं।

वहीं, महिला ने दावा किया कि उसके सास-ससुर के पास उनके गांव में जमीन और एक मकान है तथा उन्हें एमएसआरटीसी से 1.88 लाख रुपये का मुआवजा भी मिला था। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि कहीं से भी यह संकेत नहीं मिलता कि शोभा को अनुकंपा के आधार पर नौकरी मिली थी। उच्च न्यायालय ने कहा, अदालत ने पाया कि प्रतिवादियों (महिला के सास-ससुर) के याचिकाकर्ता (महिला) से गुजारा भत्ता लेने के दावे का कोई मामला नहीं बनता है।

मुंबई पुलिस ने वानखेड़े स्टेडियम से पांच सट्टेबाजों को किया गिरफ्तार...

मुंबई : मुंबई पुलिस ने वानखेड़े स्टेडियम के अंदर गरवारे पवेलियन से पांच सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया, जहां रविवार को आईपीएल का रोमांचक मुंबई इंडियंस बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स मैच खेला गया था. विश्वसनीय गुप्त सूचना के बाद, चेंबूर क्राइम ब्रांच यूनिट 6 के जासूस स्टेडियम में और उसके आस-पास इंतजार कर रहे थे और रविवार को शाम 5 बजे के आसपास वहां सक्रिय 5 सटोरियों को पकड़ने में कामयाब रहे.

सटोरियों ने मोबाइल सट्टेबाजी ऐप का उपयोग करने की बात कबूल की और खुलासा किया कि वह मैच के दौरान अन्य सहयोगियों के साथ फेंकी जाने वाली प्रत्येक गेंद पर नजर रख रहे थे ताकि सट्टा लगाकर भारी मुनाफा कमाया जा सके.गिरफ्तार आरोपी हैं: अजय हरिकिशन बवेजा (40), विवेक महेशचंद्र तिवारी (41), मनोज भैरूलालजी नारानीवाल (37), सुमितकुमार ललित धड्डा (44), और जकीउल्लाह अमन जियाउल्लाह खान (39). पुलिस ने 10,400 रुपये की नकद राशि, स्टेडियम के मैचों के पांच टिकट, एक पासपोर्ट, 3 सिम कार्ड, 2 डेबिट कार्ड, लखनऊ-मुंबई फ्लाइट टिकट और नौ मोबाइल बरामद किए हैं, जिनकी कुल कीमत 220,000 रुपये है. उनके सहयोगियों का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है.

बेतन मांगने पर लड़के का मुंडवाया सिर...

निर्वस्त्र कर घुमाया, किया सुसाइड

मुंबई : मुंबई में पगार मांगने पर कथित तौर पर प्रताड़ित किये जाने के बाद एक 18 वर्षीय लड़के ने आत्महत्या कर ली। एनएम जोशी मार्ग पुलिस ने प्रभादेवी के कामगार नगर-2 में 18 वर्षीय पंकज जैसवार की आत्महत्या के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि गिरफ्तार संदिग्धों संतोष चौरसिया और छोटे लाल प्रजापति ने जैसवार का सिर मुंडवा दिया और उसे निर्वस्त्र कर इलाके में घुमाया। पुलिस के अनुसार, इससे आहत होकर किशोर ने कथित तौर पर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बेटे की मौत की खबर पाकर पंकज के पिता रामराज जैसवार पुणे से मुंबई आए। लेकिन बेटे के शव को देखने के बाद रामराज को शक हुआ।

पेशे से टैक्सी ड्राइवर रामराज ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि इलाके में पूछताछ करने पर उसे पता चला कि एक किराने की दुकान के मालिक और उसके कर्मचारियों ने पंकज का सिर मुंडवाया था और उसे निर्वस्त्र कर घुमाया था। दरअसल मृतक उसी किराने की दुकान पर काम करता था। आरोप है कि जब उसने बार - बार अपना बकाया पगार मांग तो उसे प्रताड़ित किया गया।

पालघर में पार्किंग स्थल पर लगी आग, 15 दो पहिया वाहन जलकर खाक

पालघर : महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक सार्वजनिक पार्किंग स्थल पर आग लगने से कम से कम 15 दो पहिया वाहन जलकर खाक हो गए। एक अग्निशमन अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वसई विरार महानगरपालिका के एक अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि जिले के वसई के नायगांव में स्थित पार्किंग स्थल पर सोमवार रात करीब साढ़े 10 बजे आग लग गयी लेकिन इसमें कोई भी हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद, स्थानीय अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्हें करीब दो घंटे में आग बुझाने में कामयाबी मिली। अधिकारी ने बताया कि आग लगने के कारण का पता करने के लिए जांच चल रही है।

कल्याण से दो चोर गिरफ्तार

कल्याण। डोंबिवली के रामनगर पुलिस थाने से कुछ ही दूरी पर स्थित मोबाइल की दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपए कीमत का मोबाइल चोरी करने वाले दो चोर को रामनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार चोर के पास से पुलिस ने दो लाख से अधिक कीमत का मोबाइल भी बरामद किया है। डोंबिवली पूर्व रामनगर पुलिस थाने से चंद कदम दूरी पर मोबाइल का एक दुकान है। रोज की तरह कल भी पीएनटी कॉलोनी का रहनेवाला सुंदरम गवंडर नामक दुकानदार अपनी दुकान बंद कर घर गया सुबह जब आया तो देखा दुकान का शटर टूटा हुआ था और दुकान में रखे मोबाइल चोरी हो चुके थे। खास बात यह है चोरी की सारी वारदात दुकान में लगे सीसी टीवी में कैद हो गया है। दुकान में लगे सीसी टीवी में साफ दिख रहा है कि एक चोर मोबाइल को कार्टून में भर रहा है। पीड़ित दुकानदार ने इस बात की शिकायत रामनगर पुलिस थाने में दर्ज कराई है।

मिट्टी की ढेर के नीचे दबकर दो मजदूरों की दर्दनाक मौत

पुणे के राजगुरू नगर इलाके की घटना...

पुणे : पुणे के राजगुरूनगर इलाके में एक पुराने वाडेनुमा कच्चे घर को गिराते समय अचानक हुए हादसे में दो मजदूरों की मिट्टी के ढेर के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गई है। इस संबंध में पुणे ग्रामीण पुलिस सूत्रों से जो जानकारी प्राप्त हुई है, उसके अनुसार राजगुरूनगर के आजाद चैक में स्वप्निल गोड़से का एक पुराना जर्जर घर था जिसे गिराकर उसकी मिट्टी हटाने का काम उन्होंने विजय वाडेकर निवासी चंडोली ता. खेड व सुनील पांचल निवासी खेड, मूल निवासी लातुर को दिया था। यह दोनो मजदूर रविवार 16 अप्रैल को दीवाल गिराने का काम कर रहे थे।

शाम करीब साढ़े पांच बजे के आस-पास अचानक घर की दीवाल जो कि कच्ची मिट्टी की थी, इन दोनों मजदूरों के ठीक ऊपर आकर भरभराकर गिर गई और वहां देखते ही देखते मिट्टी का बड़ा ढेर लग गया। इस ढेर के नीचे यह दोनों मजदूर दब गए। घटना जब स्थानीय लोगों के ध्यान में आई तो उन्होंने राहत व बचाव कार्य शुरू किया। इस बीच फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया। जब तक इन मजदूरों के ऊपर से मिट्टी का ढेर हटाया गया और इन्हें बाहर निकाला गया तब तक इनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस का कहना है कि स्थानीय लोगों और जेसीबी की मदद से मिट्टी व ईंट पत्थर के ढेर को हटाया गया किंतु उस दौरान तक विजय वाडेकर की मौत हो चुकी थी, जबकि सुनील नामक मजदूर की उपचार के दौरान मौत हो गई है।

मुंबई में कबाड़ गोदाम में आग लगी, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

मुंबई : मुंबई के पूर्वी हिस्से में मंडला के एक लकड़ी के कबाड़ के गोदाम में आग लग गई और उसे बुझाने की कोशिश की जा रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि मंडला इलाके में घाटकोपर-मानखरुद लिंक रोड पर एक मंदिर के पास स्थित कबाड़ निगम के गोदाम में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब तीन बजे आग लग गई। नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि कम से कम 12 दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया है और आग को बुझाने की कोशिश की जा रही है जो लकड़ी के कबाड़ के गोदाम तक ही सीमित है। आग लगने के कारण का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

विभाग की चेतावनी, अगले दो दिनों तक नहीं मिलेगी चिलचिलाती धूप से राहत

मुंबई : उत्तरी आंध्र प्रदेश और इसके दक्षिणी तटीय क्षेत्रों में सोमवार से बुधवार तक लू चलेगी। मौसम विभाग ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। विभाग के अनुसार, राज्य में विशेष रूप से श्रीकाकुलम, विजयनगरम, विशाखापत्तनम,

अनाकापल्ले, काकीनाडा, कोनासीमा, कृष्णा, एनटीआर, बापतला, गुंटुरु और पालनाडु जिलों के लिए चेतावनी जारी की गई है। राज्य के शेष जिलों और रायलसीमा क्षेत्र में इस दौरान तापमान 38 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। इस बीच, आंध्र प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एपीएसडीएमए) ने सोमवार को राज्य भर के 116 मंडलों में लू के पूवार्नुमान के मद्देनजर लोगों से आवश्यक सावधानी बरतने को कहा है। अल्लूरी सीताराम राजू जिले में सात मंडलों, अनाकापल्ले और एनटीआर जिलों के 15-15 मंडलों, पूर्वी गोदावरी में आठ, एलुरु में चार, गुंटुरु और कृष्णा में छह-छह तथा काकीनाडा के नौ मंडलों में लू की स्थिति रहने की संभावना है। राज्य के 116 मंडलों में से अल्लूरी सीताराम राजू जिले के नेल्लीपाका और चिंतूर में सोमवार को तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। एपीएसडीएमए के अनुसार, रविवार को अनाकापल्ली जिले के 11 मंडलों और काकीनाडा तथा विजयनगरम में तीन-तीन मंडलों में भीषण लू चल रही थी। एपीएसडीएमए के प्रबंध निदेशक बी आर आम्बेडकर ने लू की स्थिति के पूवार्नुमान के मद्देनजर लोगों को आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है।

नींद से संबंधित सभी समस्याओं का निदान

अच्छी नींद से संबंधित सभी समस्याओं का निदान करेगा स्लीप डिसऑर्डर। नींद का संपूर्ण स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, इसके बावजूद नींद से संबंधित समस्याओं का अक्सर निदान नहीं किया जाता है और सही तरीके से उपचार भी नहीं किया जाता है। हालाँकि हम अपने जीवन का एक तिहाई हिस्सा सोते हुए बिताते हैं, फिर भी आम लोगों में नींद के महत्व के बारे में जागरूकता की कमी होती है। यह क्लिनिक स्लीप एपनिया, अनिद्रा, हाइपरसोमनिया, खर्राटे लेना, पैरासोम्निया आदि समेत नींद से संबंधित सभी प्रकार के विकारों का निवारण करेगा। इस क्लिनिक का प्रबंधन स्नायु-विशेषज्ञ, मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक और नींद के तकनीशियनों की एक बहु-आयामी टीम द्वारा किया जायेगा।

फिलिप्स हेल्थकेयर द्वारा 2021 में किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, 93% भारतीय नींद से वंचित हैं, उन्हें हर रात 8 घंटे से भी कम समय मिलता है। 58% का मानना है कि पर्याप्त नींद की कमी के कारण उनका काम प्रभावित होता है, 11% नींद की कमी के कारण काम से छुट्टी लेते हैं, 11% ने रात को अच्छी नींद ना आने के कारण काम पर सो जाने की बात स्वीकार की और 38% ने किसी सहकर्मी को काम पर सोते हुए देखा है। 15% ने बताया कि काम के तनाव के कारण नींद ख़राब हुई है, परंतु केवल 2% भारतीय ही अपनी नींद की कमी के बारे में किसी चिकित्सक के साथ बात करते हैं।

इस क्लिनिक की शुरुआत के दौरान बोलते हुए वॉकहार्ट अस्पताल के डॉ प्रशांत मखीजा कहा, "हर वयस्क व्यक्ति के लिए कम से कम 7-9 घंटे की पर्याप्त नींद लेना आवश्यक होता है। अच्छी नींद को हाल ही में अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन द्वारा हृदय के स्वास्थ्य के एक आयाम के तौर पर शामिल किया गया है। बार-बार नींद के ख़राब होने के परिणामस्वरूप छोटे समय की और साथ ही लंबे समय की स्वास्थ्य जटिलतायें उत्पन्न हो सकती हैं। खर्राटे लेने की आम सी समस्या, जो न केवल बिस्तर पर साथ सोने वाले व्यक्ति के लिए परेशानी बन जाती है, बल्कि संज्ञानात्मक, चयापचय और हृदय के स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण लंबे समय के नकारात्मक प्रभावों के साथ स्लीप एपनिया गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत हो सकता है।

■ डॉ मलिक मर्चेंट, सलाहकार मनोचिकित्सक, वॉकहार्ट अस्पताल कहते हैं, "ऐसी कई बातें होती हैं जो नींद के ख़राब होने का कारण बनती हैं। जब हम अपने जीवन का एक तिहाई हिस्सा सोते हुए बिताते हैं, परंतु आम लोगों में नींद के महत्व के बारे में जागरूकता की कमी होती है। शारीरिक और भावनात्मक समस्याओं के कारण नींद न आने की समस्या उत्पन्न हो सकती है। नींद और मानसिक स्वास्थ्य का गहरा संबंध होता है और ये एक दूसरे पर निर्भर होते हैं। नींद की कमी पहले से चल रहे अवसाद, चिंता, मिजाज़ बदलने, गुस्से, अकेलेपन आदि को बढ़ा सकती है या खराब कर सकती है। तनाव नींद संबंधी विकारों के प्रमुख कारणों में से एक होता है।

■ खराब नींद चिकित्सा से संबंधित अंतर्निहित विकार के कारण हो सकती है और इससे स्वास्थ्य पर विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। भारत में, हमारे पास नींद संबंधी विकारों के निदान और प्रबंधन के लिए एक मानक दृष्टिकोण का अभाव है। इसे ध्यान में रखते हुए, नींद से संबंधित विकारों के प्रबंधन में अनुभव और प्रशिक्षण के साथ विभिन्न उप-विशिष्टताओं के विशेषज्ञों की एक बहु-आयामी टीम का गठन किया गया, जो अच्छी नींद से संबंधित सभी समस्याओं का संपूर्ण समाधान प्रदान करती है।

क्या फालतू के ईमेल से हैं परेशान ?

Spam Email के लिए फिल्टर का यूज करें

Spam Email को खोजने और हटाने के लिए भी आप जीमेल फिल्टर का यूज कर सकते हैं। इसके लिए आपको जीमेल के Search in mail बॉक्स में जाना है और unsubscribe टाइप करना है। इसके बाद आपको सभी अनसब्सक्राइब और स्पैम मेल की पूरी लिस्ट दिख जाएगी। आपको इन सब स्पैम ईमेल को सिलेक्ट करके तीन डॉट्स (More) पर क्लिक करना है और फिल्टर मैसेज लाइक दीस ऑप्शन पर जाना है। इसके बाद आपको इसमें डिलीट करने, Mark as read और Skip the inbox जैसे कई सारे ऑप्शन मिलते हैं। आप अपनी मर्जी से कोई भी ऑप्शन चुन सकते हैं। इसके बाद जीमेल इस तरह के ईमेल को ऑटोमेटिक ही सिलेक्शन के हिसाब से फिल्टर कर देगा।

पर जाकर unsubscribe या Unread टाइप करना है इसके बाद आपकी स्क्रीन पर सभी अनसब्सक्राइब और अनरीड ईमेल की पूरी लिस्ट आ जाएगी। इसके बाद आप इनको एक साथ सिलेक्ट ऑल करके डिलीट कर सकते हैं।

ईमेल को अनसब्सक्राइब करें

जीमेल बार-बार आने वाले और अनावश्यक वेबसाइट के ईमेल को अनसब्सक्राइब करने की सुविधा भी देता है। आप इन वेबसाइट को अनसब्सक्राइब कर सकते हैं, इसके बाद आपको इन वेबसाइट के ईमेल प्राप्त नहीं होंगे। इन ईमेल को अनसब्सक्राइब करने के लिए आपको स्पैम ईमेल को सिलेक्ट करना है और फिर Report spam and unsubscribe ऑप्शन पर जाना है और रिपोर्ट स्पैम या रिपोर्ट स्पैम एंड अनसब्सक्राइब को सिलेक्ट कर लेना है। इसके बाद आपको उस ईमेल से दोबारा मेल नहीं आएगा।

स्मार्टफोन्स लॉक या अनलॉक करने के लिए यूजर्स को अब फेस ID और फिंगरप्रिंट सेंसर जैसे विकल्प मिलने लगे हैं, लेकिन पासकोड या पैटर्न भूल जाने जैसी परेशानी का सामना अब भी करना पड़ता है। अगर आप उन यूजर्स में से हैं, जो अपने फोन का पासवर्ड, पिन या पैटर्न भूल गए हैं और उसे अनलॉक नहीं कर पा रहे, तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। बिना किसी सर्विस सेंटर या घर से बाहर गए आप खुद ऐसा डिवाइस अनलॉक कर सकते हैं।

भूल गए फोन का पासवर्ड या पैटर्न, ऐसे करें अनलॉक

गूगल अकाउंट की मदद से अनलॉक करें फोन

1. एंड्रॉयड स्मार्टफोन सेटअप करते वक्त आपको गूगल अकाउंट की मदद से लॉगिन करना होता है और इसी अकाउंट के साथ पासवर्ड या पैटर्न भूलने पर आप डिवाइस अनलॉक कर सकते हैं।

2. कई बार गलत पासवर्ड या पिन डालने पर स्क्रीन पर दिखेगा कि आप कुछ वक्त बीतने के बाद अगली कोशिश कर सकते हैं और इसके साथ ही 'Forgot Pattern/Password' बटन दिखेगा।

3. इसपर टैप करने के बाद आपसे उस गूगल अकाउंट में लॉगिन करने को कहा जाएगा, जो फोन के साथ रजिस्टर्ड है।

4. इस प्रक्रिया के बाद फोन अनलॉक हो जाएगा और आप नया पासवर्ड या पैटर्न सेट कर सकेंगे।

5. ध्यान रहे, यह तरीका तभी काम करेगा अगर आपको एंड्रॉयड फोन में इंटरनेट कनेक्शन सक्रिय हो और इसमें डिवाइस का डाटा भी डिलीट नहीं होता।

PHONE LOCKED
Enter PIN
1
2
3
4
5
6
7
8
9
0
OK
EMERGENCY CALL

एंड्रॉयड के लिए ये स्टेप्स

1. अगर आप एंड्रॉयड फोन को अनलॉक करना चाहते हैं और पिछला तरीका काम नहीं कर रहा, तो शुरुआत फोन को स्विच ऑफ करते हुए करनी होगी।

2. थोड़ी देर बार वॉल्यूम अप या डाउन (अलग-अलग मैन्युफैक्चरर के हिसाब से) बटन के साथ पावर बटन कुछ देर तक दबाकर रखना होगा।

3. अब फोन रिकवरी मोड में चला जाएगा और आपको फैक्ट्री रीसेट का विकल्प चुनने के बाद 'Clean/Erase Data' और 'Wipe Cache' पर जाकर एंटर करना होगा।

4. करीब एक मिनट इंतजार करने के बाद फोन ऑन करने पर वह कोई पासवर्ड या पैटर्न नहीं मांगेगा और शुरू से फोन सेटअप करने का विकल्प मिलेगा।

आईफोन का पासकोड भूले तो ये स्टेप्स

1. अगर आप आईफोन का पासकोड भूल गए हैं, तो सबसे पहले इसे स्विच ऑफ करें। आप ऐसा पावर बटन या फिर पावर बटन के साथ वॉल्यूम डाउन बटन को होल्ड करते हुए कर पाएंगे।

2. अब डिवाइस को रिकवरी मोड में डालने के लिए इसे मैक या PC से कनेक्ट करते ही आपको आईफोन 8 और इसके बाद लॉन्च डिवाइसेज में पावर बटन, आईफोन 7 सीरीज में वॉल्यूम डाउन बटन और पुराने आईफोन्स में होम बटन दबाकर होल्ड करना होगा।

3. आपके PC या मैक में itunes इंस्टॉल होना जरूरी है, जिसके बाद आपको डिवाइस की रिकवरी मोड स्क्रीन दिखेगी और आप इसे itunes सॉफ्टवेयर से कंट्रोल कर सकेंगे।

4. PC या मैक पर itunes में मिलने वाले Restore ऑप्शन पर क्लिक करते ही आईफोन का सारा डाटा डिलीट हो जाएगा और पासकोड भी हट जाएगा। आप नया पासकोड सेट करने के बाद बैकअप से ऐप्स और सेटिंग्स रीस्टोर कर सकते हैं, या फिर आईफोन को नए डिवाइस की तरह सेटअप कर सकते हैं।



सही तरीके से खाया जाय तो हार्ट हेल्थ और हेयर दोनों के लिए फायदेमंद है पपीता

> "पपीता न केवल सेहत के लिए, बल्कि सौंदर्य के लिए भी काफी फायदेमंद है। इसे डाइट में शामिल करने के साथ ही त्वचा पर टॉपिकली इस्तेमाल करने से भी कई फायदे मिलते हैं। इसके फायदे आपको तभी मिल सकते हैं, जब आप इसे सही समय और सही तरीके से खाएं। तो आइए जानते हैं, पोषक तत्वों से भरपूर पपीते के कुछ महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभ...

1. दिल की सेहत के लिए फायदेमंद है

पब मेड सेंट्रल द्वारा प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार पपीता में भरपूर मात्रा में लायकोपिन और विटामिन सी मौजूद होता है। जो दिल की सेहत के लिए महत्वपूर्ण पोषक तत्वों में से एक हैं। इसी के साथ इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को बढ़ा देता है। जिससे दिल से जुड़ी बीमारियों की संभावना कम हो जाती है।

2. पाचन क्रिया को करता है मजबूत

पपीते में मौजूद पपेन नामक एंजाइम प्रोटीन को आसानी से पचने में मदद करते हैं। वहीं इसे कब्ज और पाचन संबंधी अन्य समस्याओं का एक उचित समाधान माना जाता है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन द्वारा की गई एक अध्ययन के अनुसार पपीते के सेवन से कब्ज और ब्लोटिंग से पीड़ित व्यक्तियों में सुधार देखने को मिला। वहीं इसकी बीज और पत्तियां भी काफी फायदेमंद होती हैं।

3. बढ़ाता है त्वचा का निखार

आपकी शारीरिक सेहत को बनाए रखने के साथ ही यह आपकी त्वचा की समस्याओं में भी काफी फायदेमंद हो सकता है। इसे खाने के साथ-साथ त्वचा पर टॉपिकली भी इस्तेमाल कर सकती हैं। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन द्वारा त्वचा पर पपीते के प्रभाव को लेकर प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार यह स्किन को फ्री रेडिकल से होने वाले डैमेज से प्रोडक्ट करता है। साथ ही साथ रिंकल, फाइनलाइन, इत्यादि जैसी समस्याओं में फायदेमंद होता है। इसके साथ ही इसमें मौजूद विटामिन सी और लाइकोपिन स्किन को प्रीमेच्योर एजिंग से प्रोटेक्ट करती हैं।

4. हड्डियों को बनाता है मजबूत

शरीर में विटामिन के की कमी हड्डियों को कमजोर कर देती हैं, जिसकी वजह से बोन फ्रैक्चर की संभावना बनी रहती है। पपीते में भरपूर मात्रा में विटामिन के मौजूद होता है। ऐसे में इसका सेवन शरीर में कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ा देता है। जिसकी वजह से शरीर में कैल्शियम की पर्याप्त मात्रा बनी रहती है और हड्डियां मजबूत रहती हैं।

5. बालों की सेहत के लिए भी फायदेमंद है

पपीते में विटामिन ए मौजूद होता है और विटामिन ए सीबम को प्रोड्यूस करने वाले आवश्यक पोषक तत्वों में से एक है। सीबम की एक उचित मात्रा बालों की नमी को बनाये रखती है और इसे ड्राई होने से बचाती है। इसके साथ ही विटामिन ए स्कैल्प और हेयर टिशू को ग्रो करने में मदद करता है। साथ ही साथ पपीते में मौजूद विटामिन सी कॉलेजन प्रोडक्शन को बढ़ावा देती है।

BOLLYWOOD DINBHAR

सपा-रालोद गठबंधन में रार...

कई सीटों पर दोनों ने उतारे उम्मीदवार, कोई भी पीछे हटने को राजी नहीं

नगर निकाय चुनाव की रणभूमि में उतरते उतरते सपा रालोद गठबंधन में घमासान शुरू हो गया। विभिन्न सीटों पर सपा और रालोद दोनों ने ही अपने उम्मीदवार मैदान में उतार दिए हैं। हैरत की बात यह है इस समय कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। उधर, रालोद ने मेरठ नगर निगम में महापौर पद पर अपना प्रत्याशी उतारने का एलान कर दिया है जबकि यहां भी सपा ने अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है।

विधानसभा चुनाव 2022 में सपा रालोद का गठबंधन हुआ था। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने खास तौर पर पश्चिमी उप्र में जमकर प्रचार किया। एलान किया गया कि यह गठबंधन नगर निकाय चुनाव में भी चलेगा। यहां तक कि चुनाव से पहले रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामशीष राय ने बड़ौत में घोषणा कर दी थी कि रालोद निकाय चुनाव अपने दम पर चुनाव लड़ेगा तो इसे लेकर रालोद और सपा दोनों में ही हंगामा मच गया था।

रालोद ने तो दिल्ली से इस बाबत सफाई दी और कहा कि प्रत्याशी रालोद और सपा की साझा कमेटी चुनेगी और गठबंधन मिलकर चुनाव लड़ेगा। अब चुनाव आया तो दोनों के बीच रार खुलकर सामने आ गई है। कई सीटों पर सपा और रालोद ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं।

छह-छह सीटों पर आमने-सामने

बिजनौर नगर पालिका अध्यक्ष के लिए स्वाति वीरा को सपा ने उम्मीदवार घोषित किया है। सपा से नाराज हुई रुखसाना परवीन को यहां से रालोद ने अपना उम्मीदवार घोषित करते हुए पर्चा दाखिल कर दिया। बिजनौर जिले में ही बिजनौर नगर पालिका परिषद समेत अध्यक्ष पद के लिए छह सीटों हल्दौर, नहटौर, नूरपुर, धामपुर, चांदपुर पर यही स्थिति खड़ी हो गई है।

मेरठ में द्वंद्व

मेरठ में सपा ने अपने विधायक अतुल प्रधान की पत्नी सीमा प्रधान को महापौर पद का प्रत्याशी घोषित कर दिया है पर रालोद ने भी अब यहां से अपना उम्मीदवार उतारने का एलान कर दिया है। रालोद के प्रदेश मीडिया संयोजक सुनील रोहटा के मुताबिक बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि मेरठ में भी रालोद उम्मीदवार उतारेगा। यहां की 42 सीटों पर पार्षद के उम्मीदवार भी उतारे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि कई सीटों सपा ने अपने उम्मीदवार गलत ढंग से उतारे हैं। उधर सपा इस पर बोलने को तैयार नहीं है।

रालोद का गढ़ माना जाता है बड़ौत

इन सभी पर सपा और रालोद दोनों के प्रत्याशी चुनावी रण में उतर गए हैं। उधर बागपत जिले की नगर पालिका बड़ौत सीट पर बतौर अध्यक्ष प्रत्यशी सपा ने रणधीर प्रधान को उम्मीदवार घोषित कर दिया। यहां दूसरे चरण में चुनाव है और बड़ौत रालोद का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर रालोद अपने उम्मीदवार उतारने की तैयारी ही कर रहा था कि सपा ने दांव खेल दिया। इसी जिले की नगर पालिका खेकड़ा में भी यही हुआ है। यहां के अध्यक्ष पद के लिए रालोद से रजनी धामा को उम्मीदवार घोषित कर दिया है जबकि सपा ने संगीता धामा को उम्मीदवार घोषित दिया।

शामली की कांधला नगर पालिका के लिए दोनों ने उतारे उम्मीदवार

अब यहां भी रार शुरू हो गई है। सहारनपुर की नगर पंचायत अंबेहटा पीर पर अध्यक्ष पद के लिए पहले रालोद प्रत्याशी रेशमा ने पर्चा भरा तो अंतिम दिन सपा ने इशरत जहां ने भी नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इसके अलावा विभिन्न जिलों में पार्षद एवं सदस्य सीटों पर बंटवारे को लेकर कई जिलों में हंगामा हुआ है। शामली की कांधला नगर पालिका पर सपा ने नजमुल हसन को तथा रालोद से मिर्जा फैसल बेग को उतार दिया है।

पश्चिमी उप्र में सबसे ज्यादा हंगामा

दरअसल यह हंगामा पश्चिमी उप्र के जिलों में हो रहा है। रालोद का वजूद पश्चिमी उप्र में ज्यादा है। यही कारण है कि रालोद उम्मीदवार पश्चिमी उप्र की निकायों में अपने उम्मीदवार घोषित करने की बात कह रहे हैं। रालोद का मानना है कि यहां सपा को अपने उम्मीदवार घोषित नहीं करने चाहिए थे। हालांकि यही सपाई भी कह रहे हैं कि जहां रालोद का जोर है वहीं तो सपा भी लड़ेगी ताकि दोनों को लाभ हो सके। अहम यह है कि यदि यही स्थिति रही तो गठबंधन में आगे दरार आ सकती है। इसी गठबंधन के सहारे रालोद को विधानसभा चुनाव 2022 में पश्चिमी उप्र में आठ सीटें मिलीं थी जो बाद में उपचुनाव होने से नौ में बदल गई थीं।

गुड्डू मुस्लिम ने दिया अतीक को धोखा

उसकी सूचना पर मारे गए असद और गुलाम, ये राज हुआ दफ्न

उत्तर प्रदेश : अतीक और अशरफ के मारे जाने के बाद सबसे ज्यादा चर्चा गुड्डू मुस्लिम की है। दरअसल अशरफ के जो आखिरी शब्द 'गुड्डू मुस्लिम' था। वह गुड्डू मुस्लिम के बारे में क्या बताना चाहता था, यह राज अब हमेशा हमेशा के लिए दफ्न हो गया, लेकिन चर्चा है कि गुड्डू ने अतीक को अंतिम समय में धोखा दिया। चर्चा है कि अशरफ यही बात कहना चाहता था, उससे ठीक पहले उसे गोली मार दी गई। गुड्डू की सूचना पर एसटीएफ ने असद और गुलाम को मार गिराया था? जिस दिन असद और गुलाम का एनकाउंटर हुआ, उसी दिन से अफवाह उड़ रही है कि पुलिस ने गुड्डू मुस्लिम को पकड़ लिया। उसके कभी झांसी, कभी अजमेर और कभी नासिक में होने की बात कही गई। गुड्डू मुस्लिम के डबल क्रास करने की अफवाह उस दिन से उड़ी जिस दिन अतीक और अशरफ की हत्या हुई थी। काल्विन अस्पताल में 15 अप्रैल की रात मीडियाकर्मियों ने अतीक और अशरफ से पूछा था कि वे असद के जनाजे में क्यों नहीं गए। अतीक ने उत्तर दिया कि 'नहीं जाने दिया गया नहीं गए'। इसके ठीक बाद अशरफ बोला कि 'बात यह है कि गुड्डू मुस्लिम'। इस शब्द के बाद ही पहले अतीक के सिर में गोली मारी गई फिर अशरफ के सिर में गोली मार दी गई।

उसका वाक्य पूरा नहीं हो पाया। इस आखिरी शब्द की पूरे प्रदेश में चर्चा है। मीडियाकर्मी जब असद के जनाजे में जाने की बात कर रहे थे तो अशरफ ने गुड्डू मुस्लिम का नाम क्यों लिया। वह जो भी बताना चाहता था, वह राज अब हमेशा के लिए राज ही रहेगा लेकिन गुड्डू के बारे में तरह तरह की अफवाहें तैर रही हैं। सूत्र बताते हैं कि अशरफ ने एसटीएफ से कहा था कि असद और गुलाम के अलावा गुड्डू मुस्लिम, अरमान और साबिर को सौंप देगा। इस बात की खबर लगते ही गुड्डू मुस्लिम ने एसटीएफ से संपर्क किया। बताया जाता है कि गुड्डू उस वक्त झांसी एक ठेकेदार के घर ठहरा हुआ था। उसी की सूचना पर एसटीएफ वहां पहुंची और असद व गुलाम का एनकाउंटर कर दिया गया। इसी दिन अफवाह फैली कि एसटीएफ ने गुड्डू को अजमेर में घेर लिया है। इसके बाद उसके महाराष्ट्र में होने की बात कही गई। यह बताया गया कि नासिक में गुड्डू को पकड़ लिया गया है।

उन्नाव में गैंगरेप पीड़िता के घर में लगी आग

4 माह का मासूम और बहन झुलसे... हालत गंभीर

उन्नाव: उत्तर प्रदेश के उन्नाव के मौरावां में गैंगरेप पीड़ित किशोरी के घर में संदिग्ध हालात में आग लग गई. इस घटना में किशोरी का चार माह का बच्चा झुलस गया. वहीं, आग से पीड़िता की तीन महीने की बहन भी झुलस गई है. दोनों बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं, आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची. ग्रामीणों के सहयोग से दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया. हालांकि, इस घटना में पीड़ित किशोरी की मां ने बेल पर छूटकर आए रेप के आरोपियों पर आग लगाने का आरोप लगाया है. वहीं, सीओ संतोष कुमार सिंह ने कहा है कि शाम 6 बजे मौरावां थाना क्षेत्र के एक गांव के घर में आग लग गई थी. इस घटना में दो बच्चे झुलस गए हैं. पुलिस मामला दर्ज.करके घटना की जांच में जुटी हुई है. पिछले साल 13 साल की बच्ची से गांव के ही तीन युवकों ने रेप की घटना को अंजाम दिया था. इसके बाद बच्ची प्रेग्नेंट हो गई थी. यहां के जिला अस्पताल में बच्ची ने एक बच्चे को जन्म दिया था. वहीं, पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया था. हालांकि, अभी आरोपी बेल पर जेल से छूटकर गांव आए हैं.

पीड़िता के परिजनों ने लगाए आरोप

पीड़िता के परिजनों के मुताबिक, आरोपी केस को रफा-दफा करने का दबाव बना रहे हैं. इसी बीच, सोमवार को घर में आग लगने की घटना हुई. आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया. बताया जा रहा है कि दोनों बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है. परिजनों ने बताया कि हाल ही में पीड़िता के पिता पर भी जानलेवा हमला किया था.

पुलिस घटना की जांच में जुटी

पीड़िता के परिजनों ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है. वहीं, पुलिस के अधिकारियों ने पीड़िता की मां को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम पूरी घटना की जांच में लगी हुई है. वहीं, डॉक्टरों की एक टीम दोनों बच्चे के इलाज में जुटे हुए हैं. घटना के बाद से गैंगरेप पीड़िता के परिजन दहशत में हैं.

फर्जी पेपर बनाकर होटल हड़पने वाले जेल में

पूरे तिलक नगर में मची है खलबली!

मुंबई। मुंबई के तिलक नगर इलाके में शिवसेना शिंदे गट की महिला उपशाखा प्रमुख सहित 4 पर एक होटल की जमीन हड़पने और धोखाधड़ी करने के मामले में में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाला है। जिन्हें न्यायालय ने जेल कस्टडी में भेजा है। हालांकि यह भी खबर उड़ रही है कि उन्हें 26 अप्रैल तक अग्रिम राहत मिली हुई है।

चेंबूर तिलक नगर कॉलोनी में रियल डिलीशियस नामक एक होटल है। जिसको यहां की शिवसेना शिंदे गट की महिला पदाधिकारी सोनी सिंह ने प्रियंका ठाकुर नामक युवती से किराए पर लिया था। उसके बाद सोनी सिंह ने यहां के एक तथा कथित दीपक जैसवार नामक युवक को अपना पार्टनर बनाया था। जिसके खिलाफ तिलकनगर पुलिस स्टेशन में पहले से कई गंभीर मामले दर्ज बताए जाते हैं। उसके बाद सोनी सिंह ने अपने पद की धौंस दिखाकर अपने साथी राजेन्द्र गुप्ता और अविनाश पाशी के साथ मिलकर होटल की जमीन के फर्जी कागजात बनाकर हड़पने का प्लान बनाया था।

पीड़ित युवती व उक्त होटल की मालकिन प्रियंका ठाकुर को जब बात की भनक लगी तो उसने इसकी शिकायत तिलक नगर पुलिस से लेकर सभी संबंधित विभाग के अधिकारियो से की।पुलिस ने उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए करीब 5 महीने तक इस मामले की छानबीन करके उपरोक्त लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था।जिसके बाद शनिवार 8 अप्रैल को पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। यहां के एक अधिकारी ने अपना नाम ना छापने की शर्त पर बताया की पुलिस ने सोनी सिंह,दीपक जैसवार और अभिनाश पाशी नामक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब की राजेन्द्र गुप्ता नामक चौथा आरोपी 26 अप्रैल तक अग्रिम जमात पर है।

पुलिस के विशेष सूत्र बताते हैं की उपरोक्त सभी आरोपी बहुत ही शातिर दिमाग के हैं। बताया जाता है की सोनी सिंह शिवसेना शिंदे गट की महिला उपशाखा प्रमुख होने के नाते उसने बिजली विभाग के साथ सांठगांठ करके बिजली का बिल भी अपने नाम करवाने का भरपूर प्रयास की थी।

यहां तक की बनावटी सेल एग्रीमेंट भी बनवा लिया था लेकिन पुलिस की गहन छानबीन के बाद इस मामले का खुलासा हुआ और तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां दो आरोपियों को ठाणे जेल और सोनी सिंह को भायखला जेल में रखने का आदेश मा.न्यायाधीश ने दिया है।

विचाराधीन कैदी का नग्न करके तलाशी लेना गलत, कोर्ट ने दिया स्कैनर से जांच करने का आदेश

मुंबई। एक विशेष अदालत ने कहा कि विचाराधीन कैदी को नग्न करके उसकी तलाशी लेना निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। अदालत ने मुंबई की एक जेल के अधिकारियों को आदेश दिया कि तलाशी के लिए स्कैनर तथा इलेक्ट्रानिक उपकरण का इस्तेमाल करें।

महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (मकोका) अदालत के जज बीडी शेल्के ने 1993 विस्फोट मामले में आरोपित अहमद कमाल शेख की शिकायत पर 10 अप्रैल को यह आदेश पारित किया।

राष्ट्रीय महामार्ग पर जबरन चोरी करनेवाला आरोपी गिरफ्तार

वसई पुलिस, गुन्हे प्रकटीकरण पथक की कार्रवाई

वसई : वालीव पुलिस की गुन्हे प्रकटीकरण पथक ने मुंबई अहमदाबाद हाईवे पर चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जनसंपर्क अधिकारी विशाल धायगुड़े ने सोमवार को जानकारी दी है कि गिरफ्तार आरोपियों से दो और वारदातों को सुलझाया गया है. 21 मार्च को करीब दो बजे वादी मोहम्मद रिजवान मोहम्मद फारूक अंसारी अपनी ओला कार में नालासोपारा फाटा से गोल्डन चेरियट होटल के पास आया. दोनों आरोपी उस समय मिले और फाउंटेन पर छोड़ने को कहा। आरोपी ने वादी मोहम्मद रिजवान को कहा कि मेरा दोस्त आ रहा है, ऐसे में गाड़ी को सातीवली ब्रिज के पास सर्विस रोड लगा दें। उसके बाद कार में दोनों बैठे जिसमें एक आरोपी ने वादी मोहम्मद रिजवान को पीछे से पकड़ लिया और चाकू उसकी गर्दन पर रख दिया और दूसरे आरोपी ने उसकी जेब से 20 हजार रुपये निकाल लिए. इसमें से आरोपी ने वादी मोहम्मद रिजवान को 500 रुपये देने के बाद वह अपने पीछे आए दोपहिया वाहन पर सवार होकर निकल गया। वादी ने उसका पीछा किया तो वह गुजरात मुंबई हाईवे पर वास्मरा ब्रिज के पास देखा गया जब वादी ने अपनी कार आरोपी की मोटरसाइकिल के सामने खड़ी की तो उसने बाइक से कार को ठोकर मारी जिसके बाद बाइक गिर गई और वह छोड़कर वहां से भाग गया. इस संबंध में वालीव पुलिस ने मामला दर्ज किया था। मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर वलीव पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर जबरन चोरी बढ़ रही है, उक्त अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, वरिष्ठ अधिकारियों, अधिकारियों और अपराध जांच शाखा के प्रवर्तकों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन और सुझावों के अनुसार वालिव थाना पुलिस ने घटना की जानकारी, तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज व गुप्त मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी सरोज मारूफ आलम उर्फ सोनू (26) को गिरफ्तार किया है . पूछताछ में पाया गया कि आरोपी आसिफ उर्फ मव्वा अकील अहमद और अब्दुल उर्फ कट्टा की मदद से वारदात को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपी के पास से अपराध की सामग्री जब्त की गई है और उसके पास से दो और वारदातों का खुलासा हुआ है.

न्यूज Window

पालघर से आधे घंटे में मुंबई...

मुंबई। पालघर,कसारा, पनवेल से महज आधे घंटे में मुंबई पहुंचा जा सकता है। रैपिड ट्रांसपोर्ट के लिए शानदार प्लान तैयार किया जा रहा है। इस तेज परिवहन की वजह से मुंबई से बाहर के शहरों तक पहुंचने की बड़ी कोशिश अब और बढ़ जाएगी। रैपिड ट्रांसपोर्ट को बेशक ग्रेटर मुंबई के ट्रैफिक को तेज करने के लिए फास्ट मेट्रो का ट्रायल रन समझा जाता है।

ट्रैफिक सिपाही को कार चालक ने बोनट पर घसीटा

नवी मुंबई। शहर में एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी को कार के बोनट पर करीब 20 किलोमीटर तक घसीटा गया, जब उसने वाहन चालक को रोकने की कोशिश की, जिसने ड्रग्स का सेवन किया था। इस घटना की जानकारी अधिकारियों ने रविवार को दी।

पुलिस ने कहा कि आदित्य बेम्बडे के रूप में पहचाने जाने वाले 22 वर्षीय कार चालक को गिरफ्तार किया गया है और हत्या के प्रयास और नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

दो चोरों की गिरफ्तारी से हुआ 10 मामलों का पर्दाफाश

वसई की वालीव पुलिस को मिली बड़ी सफलता

एजेंसी :

वसई। वालिव पुलिस स्टेसन अंतर्गत चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार करके अपराध शाखा की टीम ने 10 मामलों का खुलासा किया है। पुलिस ने चोर के पास से 3 लाख 42 हजार रुपये का समान जब्त किया है। दोनों आरोपी हिस्ट्रीशीटर बताये जा रहे हैं, इन आरोपियों के खिलाफ वसई व मानिकपुर पुलिस स्टेशन में कई मामले दर्ज हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वालिव पुलिस स्टेशन अंतर्गत लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व दर्ज शिकायतों का निराकरण करने का निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों ने अपराध शाखा की टीम को दिया थी। जिसके आधार पर वालिव पुलिस स्टेशन के अपराध शाखा की टीम ने तकनीकी जानकारी व सूत्रों के आधार पर भावेश महेश वेदक व बद्रीआलम अकलाख चौधरी ऊर्फ पप्पु को हिरासत में लेकर पूछताछ मे आरोपियों ने 10 मामलों का खुलासा किया। आरोपियों की निशानदेही पर टीम ने सोने के आभूषण व अन्य सामग्री सहित कुल 3 लाख 42 हजार का माल बरामद किया।

दैनिक
रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : बुधवार, 19 अप्रैल 2023

जिस होटल में किया पिता ने काम, आज उसी के मालिक हैं बी-टाउन का ये सुपरस्टार

BOLLYWOOD DINBHAR

अन्ना यानि सुनील शेट्टी ने अपनी कड़ी मेहनत से सफलता की उंचाई को हासिल किया है. आज हम आपको उनकी लाइफ के स्ट्रगल से रूबरू करवाने जा रहे हैं. जिसे जाकर आप भी एक्टर पर गर्व करेंगे. सुनील शेट्टी आज भले ही सिनेमा के सुपरस्टार हो लेकिन एक वक्त था जब एक्टर के पिता ने काफी दुख भरे दिनों का सामना किया था. इस बात का खुलासा खुद एक्टर कई बार अपने इंटव्यूज में कर चुके हैं. वहीं साल 2013 में अपने नए डेकोरेशन शोरूम को लॉन्च करते हुए सुनील शेट्टी ने अपने पिता के स्ट्रगल का जिक्र किया था. एक्टर ने कहा था, ' ये वही होटल था जहां मेरे पिता वीरप्पा शेट्टी काम किया करते थे. इसमें वो वेटर का काम करते थे और लंबे स्ट्रगल के बाद साल 1943 में उन्होंने एक पूरी बिल्डिंग खरीद ली थी जो कि वर्ली के फोर सीजन होटल के बगल में है. एक्टर ने अपनी जिंदगी के मुश्किल दौर को याद करते हुए एक मीडिया इवेंट में कहा था कि मेरे पिता वीरप्पा शेट्टी एक क्लीनर होते थे. जिन्होंने अपनी लाइफ में काफी स्ट्रगल किया है. इसलिए मेरे लिए वो ही असली हीरो हैं. सुनील शेट्टी ने कहा कि, ' मेरे पिता ऐसे इंसान थे. जो हर काम को पूरे दिल से करते थे और उन्होंने किसी भी काम को करने में शर्म महसूस नहीं की. उन्होंने मुझे भी ऐसी ही शिक्षा दी है.'

बता दें कि साल 2017 में सुनील शेट्टी के पिता वीरप्पा शेट्टी ने दुनिया को अलविदा कह दिया था. जो काफी सालों से कई बीमारियों से जूझ रहे थे. वहीं बात करें सुनील शेट्टी के वर्कफ्रंट की तो उन्हें हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज 'हंटर' में देखा गया था.

मोटी होना सेक्सी नहीं होता : विद्या

बॉलीवुड एक्ट्रेस होने का मतलब ही है परफेक्ट फिगर और ग्लैमर। भारत में अधिकतर लोगों का मानना है कि अगर आपके पास ये दो चीजें नहीं है तो आप हीरोइन नहीं बन सकतीं। वहीं कुछ अभिनेत्रियां तो इस भ्रम में रहीं कि सक्सेसफुल होने के लिए जीरो फिगर होना जरूरी है और उन्हीं में से एक थीं करीना कपूर खान, जिन्होंने जीरो फिगर का ट्रेंड शुरू किया था। हालांकि विद्या बालन ने उनके इस गलतफहमी को तोड़ दिया था। क्या था पूरा माजरा चलिए आपको बताते हैं।

दरअसल, एक बार करीना ने विद्या के बढ़े हुए वजन का मजाक उड़ाया था। बात उस समय की है, जब करीना अपने जीरो फिगर और विद्या अपने बढ़े हुए वजन को लेकर चर्चा में थीं। विद्या ने फिल्म 'डर्टी पिक्चर' के लिए वेट गेन किया था। विद्या की इस फिल्म ने सफलता के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए और एक्ट्रेस को अपने काम के लिए नेशनल अवार्ड भी मिला। करीना ने एक इवेंट में कहा था, उन्होंने रोल के लिए वजन बढ़ाया और और वह इसमें सहज महसूस करती हैं, वह बकवास कर रही हैं। करीना ने विद्या का नाम लिए बिना ही उन पर निशाना साधा था। करीना ने कहा था कि मोटे होने का मतलब सेक्सी होना नहीं है। वहीं करीना ने यह भी कहा था कि वे कभी खुद को इस हाल में देखना पसंद नहीं करेंगी। विद्या ने भी करीना की बातों का करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा था, डर्टी पिक्चर से और ज्यादा डर्टी कुछ नहीं हो सकता। वह लोग हीरोइन तो बना सकते हैं, लेकिन डर्टी पिक्चर नहीं बना सकते। यहां विद्या ने भी करीना का नाम लिए बगैर उनकी फिल्म 'हीरोइन' को टारगेट किया था।

बेताब हैं अनन्या...

अभिनेत्री अनन्या पांडे अक्सर चर्चा में रहती हैं। वह जल्द ही आयुष्मान खुराना के साथ फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' में नजर आएंगी। इस बीच अनन्या ने एक ऐसी मल्टीस्टारर फिल्म में काम करने की इच्छा जाहिर की है, जिसमें महिलाएं मुख्य भूमिकाओं में हों। इतना ही नहीं, अनन्या की यह भी ख्वाहिश है कि ऐसी किसी फिल्म में उन्हें जान्हवी कपूर और सारा अली खान के साथ स्क्रीन साझा करने का मौका मिले। बॉलीवुड में अभिनेत्रियां अब मल्टी-स्टारर फिल्मों में नजर आ रही हैं। फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' में करीना कपूर, सोनम कपूर, स्वरा भास्कर और शिखा तलसानिया जैसी एक्ट्रेस एक साथ नजर आई थीं। इसके अलावा फैंस की नजर अभी से फरहान अख्तर की 'जी ले जरा' पर टिकी हैं। रोड ट्रिप पर आधारित इस फिल्म में कटरीना कैफ, आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। वहीं 'वीरे दी वेडिंग' की प्रोड्यूसर रिया कपूर ने करीना, तब्बू और कृति सेनन को लेकर अपनी अगली फिल्म का एलान कर दिया है। इस बीच अनन्या ने भी अपनी इच्छा बताई है। बता दें कि अनन्या पांडे 2022 में आई फिल्म 'गहराइयां' में दीपिका पादुकोण के साथ नजर आई थीं। अब अनन्या एक ऐसी मल्टीस्टारर फिल्म करना चाहती हैं, जिसमें महिलाएं लीड रोल में हों। जब उनसे पूछा गया कि वह किसके साथ स्क्रीन शेयर करना चाहेंगी? इस पर अनन्या ने तुरंत कहा, 'अगर सारा अली खान और जान्हवी कपूर के साथ मुझे कास्ट किया जाए तो यह काफी मजेदार होगा।

जान्हवी और सारा के साथ काम करने को लेकर अनन्या का कहना है, 'हम सभी की एनर्जी काफी अलग है। मैं परफॉर्मर के रूप में उन्हें बेहद पसंद करती हूं और दोनों मेरी अच्छी दोस्त भी हैं। दर्शक हमें एक साथ पर्दे पर देखना जरूर पसंद करेंगे।'

'बैजू बावरा' में रणवीर संग दीपिका

बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली ,रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण को लेकर फिल्म बैजू बावरा बना सकते हैं। संजय लीला भंसाली ने रणवीर और दीपिका को लेकर पद्मावत और बाजीराव मस्तानी जैसी सुपरहिट फिल्म बनायी है। चचौ है कि भंसाली एक बार फिर से रणवीर-दीपिका की सुपरहिट जोड़ी को लेकर फिल्म 'बैजू बावरा' बनाने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि भंसाली की फिल्म 'बैजू बावरा' वर्ष 1952 में रिलीज फिल्म की रीमेक है। यह फिल्म संगीतज्ञ बैजू बावरा के जीवन पर आधारित है। बैजू बावारा में भारत भूषण और मीना कुमारी ने मुख्य किरदार निभाया था।

शहनाज का पलटवार

सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' इन दिनों चर्चाओं में है। इससे पलक तिवारी और शहनाज गिल दोनों अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। वहीं, बीते दिन पलक तिवारी ने सलमान खान को लेकर कुछ ऐसी बात कह दी जिससे सोशल मीडिया की हलचल बढ़ गई। पलक ने भाईजान की ओर से सेट पर कपड़ों को लेकर बनाए गए नियम के बयान से सुर्खियां बटोरीं। इसी पर अब शहजान गिल ने बात करते हुए पलक के बयान पर हैरान करने वाला रिएक्शन दिया है।

फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से बड़े पर्दे पर कदम रखने वालीं एक्ट्रेस पलक तिवारी इन दिनों इसके प्रमोशन में बिजी हैं। वहीं, एक इवेंट के दौरान पलक ने सलमान खान की ओर से सेट पर लड़कियों के लिए बनाए गए नियम का जिक्र करते हुए कहा था, 'जब मैं अंतिम में सलमान सर के साथ काम कर रही थी, तो उनका एक नियम होता था। सलमान सर का एक नियम था कि सभी लड़कियां मेरे सेट पर अपनी नेकलाइन ढंक कर रहेंगी, जैसे अच्छे घरों की लड़कियां रहती हैं। मुझे नहीं लगता यह बात किसी को भी पता है,लेकिन यह सच है।' पलक तिवारी के इस बयान ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी। एक्ट्रेस को जमकर ट्रोल किया जाने लगा जिसे देखते हुए उन्होंने बीते दिन अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में इस बयान से पलटी मार ली। पलक ने अपनी सफाई पेश करते हुए कहा, 'मेरी बताई गई बात को गलत समझा गया है। मैं बस इतना कहना चाहती थी कि मैंने अपने लिए कुछ दिशा-निर्देश तय किए हैं कि कैसे अपने से बड़े लोगों के सामने मुझे कपड़े पहनने चाहिए। सलमान सर उनमें से एक हैं।'

वहीं, पलक ने भले ही अपने पिछले बयान से पलटी मार ली हो, लेकिन अब तक उसकी चर्चा चारों ओर हो रही है। इसी को लेकर शहनाज गिल से भी सलमान खान के नियम को लेकर सवाल पूछा गया, जिस पर एक्ट्रेस ने कहा, 'ऐसा कुछ नहीं है, मैंने प्रमोशन के दौरान बहुत ही सेक्सी ड्रेस पहनी थी।' इस तरह शहनाज ने साफ कर दिया है कि भाईजान ने ऐसा कोई नियम नहीं बनाया था।

स्पाई यूनिवर्स में शरवरी की एंट्री?

वाईआरएफ यूनिवर्स इन दिनों खूब चर्चा में है। इसके साथ सलमान खान, शाहरुख खान, कटरीना कैफ, टाइगर श्रॉफ, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम के अलावा भी कई सितारे इसका हिस्सा बन चुके हैं। हाल ही में खबर आ रही है कि अभिनेत्री शरवरी वाघ वाईआरएफ यूनिवर्स का हिस्सा होने वाली हैं। खबरों के अनुसार आदित्य चोपड़ा शरवरी वाघ को वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में लॉन्च करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। रिपोर्ट के अनुसार आदित्य चोपड़ा का कहना है कि शरवरी को स्पाई यूनिवर्स में लाने का यही सही समय है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव (पूर्व),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com